# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (10.04.2025)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:10.04.2025, PAGE-04

### आंबेडकर जयंती पर बीआरएबीयू में समारोह 14 को

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। बुधवार को प्रॉक्टर बीएस राय की अध्यक्षता में प्रतिकुलपति कार्यालय में आंबेडकर जयंती समिति की बैठक हुई। प्रॉक्टर ने बताया कि हर वर्ष आंबेडकर जयंती कमेटी के तत्वावधान में विश्वविद्यालय में समारोह आयोजित होता है। इसका उद्देश्य शिक्षा जगत व समाज में समानता, भाईचारा और न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:10.04.2025, PAGE-04

# आंतरिक मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण हिस्सा:प्रो.राय

**सेमिनार**

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** लंगट सिंह कॉलेज के पीजी जूलॉजी विभाग में बुधवार को विभागीय सेमिनार हुआ। इसमें विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, प्रो. फैयाज अहमद मुख्य अतिथि रहे।

इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक गतिविधियों से छात्रों को अपने ज्ञान और प्रस्तुति कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच मिलता है। इस तरह के शैक्षणिक आयोजन छात्रों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। सभी पीजी विभाग भविष्य में इस तरह की गतिविधियों को जारी रखेंगे। प्रो. राय ने कहा कि सीबीसीएस में सेमिनार आंतरिक मूल्यांकन (सीआईए) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो छात्रों के ज्ञान और कौशल का प्रभावी तरीके से आकलन करते हैं।

## शोध पत्रों की सराहना

प्रो. राय ने कहा पीजी स्तर पर छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वे केवल मौजूदा ज्ञान को आत्मसात न करें, बल्कि उसमें अपना योगदान भी दें। ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से वे नए ज्ञान का सृजन करते हैं और अपने विषय ज्ञान में व्यापक विस्तार कर सकते हैं। मुख्य अतिथि प्रो. अहमद ने छात्रों के शोध पत्रों और प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें विषय की गहरी समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जूलॉजी के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों और करियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:10.04.2025, PAGE-06

## आधुनिक भारत के निर्माण में आंबेडकर के योगदान पर संगोष्ठी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 14 अप्रैल को डा. भीमराव आंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन होगा। आधुनिक भारत के निर्माण में आंबेडकर के योगदान पर संगोष्ठी होगी। इसमें बतौर मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी दरभंगा के क्षेत्रीय निदेशक डा. संतन कुमार शामिल होंगे। जयंती समारोह के आयोजन को लेकर बुधवार को प्राक्टर प्रो. बीएस राय की अध्यक्षता में तैयारी को लेकर प्रति कुलपति कार्यालय में आंबेडकर जयंती समिति की बैठक हुई।

प्रो. बीएस राय ने कहा कि जयंती मनाने का उद्देश्य शिक्षा जगत व समाज में समानता, भाइचारा और न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। आंबेडकर जयंती समिति के संयोजक व उप कुलसचिव डा. विनोद बैठा ने कहा कि समारोह में विभिन्न कालेजों के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता व आंबेडकर विचारक सम्मिलित होंगे। बैठक में पूर्व उप कुलसचिव उमाशंकर दास, बुस्टा महासचिव डा. रमेश प्रसाद गुप्ता, प्राचार्य डा. वीरेंद्र चौधरी व अन्य रहे।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:10.04.2025, PAGE-06

## अकादमिक से लेकर प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल पूछेंगे सीनेट के सदस्य

- एईसी, एसईसी से लेकर वीएसी के लिए बनाए गए नोडल विभाग पर जवाब देगा विश्वविद्यालय
- सदस्यों ने प्रश्नकाल में पूछे जाने वाले सवालों की सूची विश्वविद्यालय को कराई उपलब्ध



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शनिवार को होने वाली सीनेट की बैठक में 30 मिनट का ही प्रश्नोत्तर काल होगा। इसमें सीनेट सदस्य अकादमिक से लेकर प्रशासनिक निर्णयों से लेकर छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, सेवानिवृत शिक्षकों - कर्मचारियों से लेकर अतिथि शिक्षकों और अन्य मामलों से जुड़े प्रश्न पूछेंगे। सदस्यों ने अपने सवालों की सूची विश्वविद्यालय को उपलब्ध करा दी है। इसका जवाब विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग की ओर से तैयार कराया जा रहा है। सीनेट सदस्यों की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्नों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के संचालन में एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडेड कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स समेत अन्य की पढ़ाई के लिए तय हुए नोडल विभाग की जानकारी सदस्य मांगेंगे। साथ ही इन विषयों में शिक्षकों के पद सृजन संबंधी प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है या नहीं यह भी पूछा जाएगा। वहीं सदस्यों के सवालों का लिखित जवाब भी उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। कई सीनेटरों ने अपने प्रश्न विश्वविद्यालय को भेजे हैं।

**ये हैं सीनेटरों के सवाल**

**1.** विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों मसलन समाजशास्त्र, संगीत, विधि, संगीत, शिक्षा और भोजपुरी में स्वतंत्र रूप से स्थापना के लिए भवन निर्माण के लिए कितनी राशि का प्रावधान बजट में किया गया है।

**2.** इन विभागों में पद सृजन के लिए क्या- क्या कारंवाई अब तक की गई है।

**3.** शिक्षकों के स्थानांतरण और उनके पदस्थापना में किस नियम, दिशानिर्देश का पालन किया जा रहा है। दिशानिर्देश उपलब्ध कराएं।

**4.** किस श्रेणी के कितने शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया लंबित है। कारण समेत सूची उपलब्ध कराएं।

**5.** शिक्षकेतर कर्मियों की नियुक्ति के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर क्या कोई समरूप नीति निर्धारित की गई है। अगर हां तो नीति की प्रति उपलब्ध कराई जाए। अगर नहीं तो राज्य सरकार के दिशानिर्देश के आलोक में ब्राह्य एजेंसी के माध्यम से काम लिया जा रहा है तो किस महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय के किस प्रशाखा में किस एजेंसी के माध्यम से कितने कर्मचारियों से काम लिया जा रहा है इसकी सूची उपलब्ध कराएं।

**6.** स्नातक कोर्स में मेजर ,माइनर और मल्टी डिसीप्लीनरी पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों एइसी, वीएसी, एसइसी के अध्यापन के लिए किस - किस विभाग को नोडल विभाग के रूप में चिन्हित किया गया है।

एइसी , वीएसी, एसइसी के अध्यापन के लिए कितने शिक्षकों का पद सृजन का प्रस्ताव राज्य सरकार को प्रेषित किया गया है।

**8.** एइसी, वीएसी और एसइसी के अध्यापन के लिए अंतः संरचनात्मक विकास के मद में कितनी - कितनी राशि महाविद्यालयों में आवंटित की गई है। किस मद से इस राशि का आवंटन किए जाने की योजना है।

**9.** आनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए महाविद्यालयों ने अब तक अंतः संरचना निर्माण की दिशा में क्या पहल की है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.04.2025, PAGE-04

# जयंती समारोह में करायेंगे संगोष्ठी

- प्रॉक्टर की अध्यक्षता में तैयारी के बाबत हुई बैठक

**मुजफ्फरपुर** .डॉ भीमराव आंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को है.ऐसे में जयंती समारोह के आयोजन को लेकर प्रॉक्टर बीएस राय की अध्यक्षता में प्रतिकुलपति कार्यालय में अंबेडकर जयंती समिति की बैठक हुई. प्रॉक्टर ने बताया कि जयंती समारोह मनाने का उद्देश्य शिक्षा जगत व समाज में समानता, भाईचारा व न्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है. डॉ आंबेडकर ने अपना जीवन सामाजिक न्याय व समानता के लिए समर्पित कर दिया. जयंती समिति के संयोजक व उप कुलसचिव डॉ विनोद बैठा ने बताया कि ₹आधुनिक भारत के निर्माण में डॉ आंबेडकर का योगदान₹ विषय पर संगोष्ठी होगी. मुख्य वक्ता इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी, दरभंगा के क्षेत्रीय निदेशक डॉ संतन कुमार होंगे. बैठक में पूर्व उप कुलसचिव उमाशंकर दास, बूस्टा महासचिव डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र चौधरी, प्राचार्य डॉ विजय, उमा पासवान व डॉ ललित किशोर मौजूद थे.



डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर बैठक में मौजूद सदस्य.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:10.04.2025, PAGE-04

# सीनेट में 30 मिनट का होगा प्रश्नकाल

## विवि को सदस्यों ने सवालों की सूची उपलब्ध करायी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में 12 अप्रैल को होने वाली सीनेट की बैठक में 30 मिनट का ही प्रश्नोत्तर काल होगा. सदस्यों ने अपने सवालों की सूची विवि को उपलब्ध करा दी है. इसका जवाब विवि के संबंधित विभाग की ओर से तैयार कराया जा रहा है. जिसमें सीनेट सदस्य अकादमिक से लेकर प्रशासनिक निर्णयों से लेकर छात्र-छात्राओं, कर्मचारियों, सेवानिवृत्त शिक्षकों- कर्मचारियों से लेकर अतिथि शिक्षकों और अन्य मामलों से जुड़े प्रश्न पूछेंगे.

**जानकारी सदस्य मांग करेंगे** :सीनेट सदस्यों की ओर से पूछे जाने वाले प्रश्नों में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के संचालन में एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स, वैल्यू एडेडे कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स समेत अन्य की पढ़ाई के लिए तय हुए नोडल विभाग की जानकारी सदस्य मांग करेंगे.

## ये हैं सीनेट सदस्यों के सवाल

- किस श्रेणी के कितने शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया लंबित है . कारण समेत सूची उपलब्ध कराएं
- स्नातक कोर्स में मेजर ,माइनर व मल्टी डिसीप्लीनरी पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य कोर्स एइसी, वीएसी, एसइसी के अध्यापन के लिए किस - किस विभाग को नोडल विभाग के रूप में चिन्हित किया गया है .
- ऑनलाइन पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए महाविद्यालयों ने अब तक अंत : संरचना निर्माण की दिशा में क्या पहल की है .
- विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों मसलन समाजशास्त्र, संगीत, विधि, संगीत, शिक्षा और भोजपुरी मे स्वतंत्र रूप से स्थापना के लिए भवन निर्माण के लिए कितनी राशि का प्रावधान बजट में किया गया है . इन विभागों में पद सृजन के लिए क्या- क्या कार्रवाई अब तक की गई है .
- एइसी, वीएसी और एसइसी के अध्यापन के लिए अंत : संरचनात्मक विकास के मद में कितनी - कितनी राशि महाविद्यालयों में आवंटित की गई है . किस मद से इस राशि का आवंटन किए जाने की योजना है .
- शिक्षकों के स्थानांतरण और उनके पदस्थापना में किस नियम, दिशा-निर्देश का पालन किया जा रहा है . दिशा-निर्देश उपलब्ध कराएं .

## सीनेट की बैठक को लेकर विश्वविद्यालय पहुंचे एसएसपी

सीनेट की बैठक से पहले बुधवार की शाम एसएसपी सुशील कुमार विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचे. उन्होंने कुलपति प्रो. डीसी राय से मुलाकात की. शनिवार को विश्वविद्यालय में सीनेट की बैठक होनी है. उन्होंने कुलपति से विश्वविद्यालय कैंपस की गतिविधियों और सीनेट की तैयारियों की जानकारी ली. बताया जा रहा है कि सीनेट की बैठक के शांतिपूर्ण संचालन के लिए काफी संख्या में कैंपस में पुलिस बलों की तैनाती की जायेगी.